हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 43 | देहरादून, शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 8



30 अक्टूबर तक उत्तराखंड की सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त : धामी 8

# आफत, आपदा और एक्शन में धामी सरकार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून , 2 जुलाई , उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों की स्थिति का आकलन करने के लिए सुबह राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक के दौरान, सीएम धामी ने कहा कि बचाव दल रात भर सक्रिय रहे और बारिश के प्रभाव के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया. उन्होंने कहा, ₹हमें राज्य भर के कई इलाकों में जनजीवन बाधित होने की सूचना मिली. नतीजतन, बचाव दल ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए रात भर काम किया.₹ मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं. उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया.

बैठक के बाद धामी ने कहा, ₹मैंने अधिकारियों को भारी बारिश से प्रभावित लोगों की सहायता करने और बढ़ती नदियों और नालों से खतरे में पड़े लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया है. सभी को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है.₹ उन्होंने यह भी बताया कि रामबाड़ा, भीमबली और जखनियाली जैसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है.

**हमारी पूरी टीम स्थिति से निपटने के लिए काम कर रही- धामी**

सीएम धामी स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर स्थिति से अवगत हैं और उन्हें नुकसान का आकलन कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि निवासियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है. धामी ने कहा, ₹हमारी पूरी टीम स्थिति से निपटने के लिए तत्परता से काम कर रही है. हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे मौसम और मौजूदा परिस्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद ही यात्रा करें.

**IMD ने पांच दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अगले पांच दिनों के लिए उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. उत्तराखंड सरकार ने भी राज्य भर में भारी बारिश के पूर्वानुमान के बीच चारधाम यात्रा तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा सलाह जारी की है. अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से मौसम की स्थिति में सुधार होने तक अपनी यात्रा स्थगित करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है.

**डीजीपी अभिनव कुमार ने सतर्क रहने को कहा**

डीजीपी अभिनव कुमार ने तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं से सतर्क रहने और ब्रेक के बाद ही अपनी यात्रा शुरू करने का आग्रह किया है. उन्होंने सुरक्षित स्थानों पर रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया. डीजीपी ने कहा, ₹मौसम विभाग ने उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है.

## आपदा की इस घड़ी में शासन और प्रशासन प्रभावितों के साथ : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 2 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी के आपदाग्रस्त क्षेत्र जखन्याली का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उनका ढ़ाढस बंधाया ।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में शासन-प्रशासन प्रभावितों के साथ खड़ा है। सरकार द्वारा प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस समय एक दूसरे का सहयोगी बनकर कार्य करें ।मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में आपदा से जनहानि, पशुहानि एवं अन्य परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। आपदा के समय लोगों की सुरक्षा राज्य सरकार पहली प्राथमिकता है। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी को

आपदा क्षति का आंकलन कर तत्काल सुरक्षात्मक कार्य करने के भी निर्देश दिये हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्र में जन जीवन सामान्य बनाने के लिए सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत और पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जानकारी दी कि कल देर रात्रि जनपद टिहरी के घनसाली ब्लॉक के जखन्याली के पास बादल फटने से होटल बहने की सूचना प्राप्त हुई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही राजस्व टीम, पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत आदि विभागों की टीम जेसीबी, एंबुलेंस सहित मौके के लिए रवाना हुए। विद्युत विभाग द्वारा तत्काल शट डाउन किया गया। खोज बचाव एवं राहत टीम ने खोज बचाव शुरू किया। इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हुई है। दो लोगों के शव रात्रि में बरामद कर लिये गये थे। एक घायल व्यक्ति ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया।



उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आई आपदा में मुयालगांव में घनसाली -चिरबिटिया मोटरमार्ग को जोड़ने वाली पुलिया बहने, एक घोड़ा बहने की घटना एवं अन्य परिसंपत्तियों को काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय,एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी मौजूद थे।

## उत्तराखंड : 7 जिलों के लिए अगले 48 घंटे बेहद खतरनाक.. रेड अलर्ट जारी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 02 अगस्त : मौसम विभाग 7 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते सात जिलों में स्कूल भी बंद किए गए हैं। विभाग ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

प्रदेश में मौसम ने अचानक रुख बदला और आसमान से कहर बरसने लगा। रुद्रप्रयाग जिले में बादल फटने की घटना हुई जबकि टिहरी के घनसाली में गदेरे में आए उफान ने सड़क किनारे बने रेस्टोरेंट और आठ से दस वाहनों को बहा दिया, इस घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हरिद्वार में एक मकान की छत गिरने से दो बच्चों की जान चली गई। आसमान से बरसती आफत ने कल प्रदेश में आठ लोगों की जान ले ली। जनपद रुद्रप्रयाग में भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा के दोनों तरफ पुल बह गए हैं, जिससे यात्रा मार्ग बाधित हो गया है। रामबाड़ा और भीमबली में फंसे लगभग चार सौ लोगों को निकालने का कार्य जारी है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मार्ग का कुछ हिस्सा भी बह गया है।

मार्ग सुचारु होने तक यात्रा स्थगित रहेगी ।मौसम विभाग ने देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, नैनीताल, चंपावत, और उधमसिंह नगर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते इन सभी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शेष अन्य जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश वासियों को अगले 48 घंटे सावधान और सुरक्षित रहने की जरूरत है क्योंकि दो दिन बारिश आफत बनकर बरसने वाली है। रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में लोगों को सिर्फ जरुरी काम के लिए ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है, अगर जरुरी नहीं हो तो घर पर ही रहें। मुख्यमंत्री धामी ने भी नागरिकों से अपील की है कि इस मौसम में संभव हो तो घर पर ही रहें अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

# ये महिला शोरूम को लगाती है चूना, हजारों बार चोरी करके की है 5 करोड़ की लूट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : कई लोग होते हैं जो कम समय में ज्यादा पैसे कमाने चाहते हैं. इसके लिए ऐसे लोग चोरी का सहारा लेते हैं. अब अगर देखा जाए तो इस दुनिया के भीतर छोटे-मोटे चोरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई लोग होते हैं जो छोटे तरीके से बड़ी चोरी करने की कोशिश करते हैं और इसके बाद जो कुछ होता है, उसे देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं. ऐसा ही एक मामला इन दिनों सामने आया है. जहां एक महिला ने 1000 से ज्यादा बार बड़े-बड़े मॉल्स में चोरी की और अपने इस तरीके से उसने 5 करोड़ रुपये जुटा लिए।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मामला यूके का है. यहां 54 साल की नरिंदर कौर ने घूम-घूमकर महंगे शोरूम में कपड़े चुराए और फिर उन्हें रिफंड करके करोड़ों रुपये की ठगी कर ली, लेकिन आखिरकार महिला की जांच हुई और वो पकड़ी गई और इसके बाद जो कुछ हुआ उसने दुनिया को हैरान कर दिया. रिपोर्ट में ये बात सामने आई कि महिला ने Bobbs, Debernams', John Lewis, Monsoon, House of Fraser, और TK Maxx जैसे बड़े शोरूम में एक हजार से ज्यादा बार अपने हाथ को साफ किया।

अदालत में जब इसको लेकर मुकदमा चला तो ये बात अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि कौर ने जुलाई 2015 और फरवरी 2019 के बीच यूके के बड़े-बड़े शोरूम में चोरी की है और फिर उन्हें वापस करके इसका रिफंड वसूला. से एक हजार बार लूट की है और फिर उसका रिफंड वसूला है. इसके लिए जब मॉल्स के CCTV खंगाला तो पाया गया कि कौर को दुकानों में घुसके, चुपके से सामान निकालते और उन्हें इस तरह से ले जाती है. इनके जब घर की तलाशी ली गई तो लगभग 150,000 पाउंड नकद छिपा हुआ पाया गया, साथ ही चोरी का सामान भी मिला।

हिरासत में जब उनको लेकर सवाल जवाब किया गया तो उन्होंने कहा कि वो पिछले 40 सालों से ये सब कर रही है. इसके बाद चार महीने पर सुनवाई की गई और पाया गया कि ग्लूसेस्टर क्राउन कोर्ट में चार महीने की सुनवाई के बाद, विल्टशायर के क्लेवर्टन की कौर को धोखाधड़ी, आपराधिक संपत्ति रखने सहित 26 आरोपों में दोषी ठहराया गया था।

# कैसे मिलता है पिस्तौल रखने का लाइसेंस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , अमेरिका जैसे देशों में बंदूक का लाइसेंस रखने के लिए इतनी जद्दोजहद नहीं लगती जितनी की भारत में लगती है. भारत में बंदूक का या फिर किसी भी तरह का लाइसेंस लेने के लिए आपको एक कठिन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. भारत में अगर कोई व्यक्ति हथियार रखने का लाइसेंस लेना चाहता है. तो उसे कड़े नियमों की प्रक्रिया के तहत गुजरना होगा. अगर आप बंदूक का लाइसेंस लेते हैं तो फिर आपको क्या मिलेगा. बंदूक, माउजर या फिर कुछ और चलिए जानते हैं.

लाइसेंस के आधार पर मिलते हैं हथियार

आपको लाइसेंस लेने से पहले यह समझना होगा कि आप किस हथियार के लिए लाइसेंस का आवेदन कर रहे हैं. आवेदन करने के लिए सभी राज्यों की अपनी प्रक्रिया है. ज्यादातर राज्यों में यह ऑनलाइन किया जाता है तो वहीं कई राज्यों में इसे ऑफलाइन भी भरा जा सकता है. आप जब हथियार के लाइसेंस के लिए आवेदन देते हैं तो आपको उसमें बताना होता है आप कौन सा हथियार ले रहे हैं. आपको सिर्फ वही हथियार दिया जाता है और उसी को रखने की परमिशन होती है. जैसे की पिस्टल, रिवाल्वर या फिर दुनाली और राइफल. आपको बता दें कि आप सिर्फ उन्हीं हथियारों को ले सकते हैं जिनकी इजाजत है. 38 बोर 9 एमएम और 303 जैसे हथियार नहीं लिए जा सकते.

**यह लोग ले सकते हैं लाइसेंस**

भारत में हथियार का लाइसेंस काफी मुश्किल काम होता है. इसके लिए सरकार द्वारा कुछ नियम कानून तय किए गए हैं. भारत के आर्म्स एक्ट 1959 के तहत कोई भी आत्मरक्षा के लिए प्रशासन से लाइसेंस ले सकता है. इसके बाद वह हथियार खरीद सकता है. लाइसेंस लेने के लिए आपकी उम्र 21 साल से ऊपर होनी चाहिए.

**इन चीजों की करनी होती है पूर्ति**

आप भारत के नागरिक होने चाहिए. आप पर कोई गंभीर आपराधिक मामला ना हो. आप शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हो. और आप पर किसी भी तरह का सरकारी लायबिलिटी ना हो. इन सब योग्यताओं को पूरा करने के बाद आपको जान का खतरा किस प्रकार से है यह कारण बताना होता है. फिर आपको लाइसेंस जारी कर दिया जाता है.




# मरने से पहले क्या देखते हैं लोग नर्स ने किया चौंकाने वाला दावा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : मृत्यु एक अटल सत्य है. जो धरती पर आया है, उसकी मौत भी निश्चित है. लेकिन क्या मरने के बाद भी कोई दुनिया हो सकती है. ये एक ऐसा सवाल है जो हर किसी के जेहन में आता है. लेकिन अभी तक विज्ञान भी इसका जवाब नहीं दे पाया है. वैज्ञानिकों का मानना है कि यह महज एक कोरी कल्पना है, लेकिन दुनिया के अलग-अलग धर्मों में स्वर्ग-नरक की व्याख्या के साथ पुनर्जन्म जैसी अवधारणा प्रचलित हैं।

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से ऐसे कई लोग सामने आए, जिन्होंने मौत के बाद की जिंदगी का अनुभव होने का दावा किया. हालांकि, इन अनुभवों की प्रमाणिकता की पुष्टि करना मुश्किल है, फिर भी ये कहानियां लोगों के बीच दिलचस्पी का विषय बनी रहती हैं. हाल ही में बुजुर्गों की देखभाल करने वाली नर्स हैडली व्लाहोस ने 'एंड वेल' यूट्यूब चैनल पर ऐसे ही कुछ अनुभव साझा किए. इसमें उन्होंने उन मरीजों की कहानी सुनाई, जिन्होंने मरने से पहले और मृत घोषित किए जाने के कुछ समय बाद दोबारा जीवित होकर जिंदगी के बाद का अनुभव बताया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हैडली ने बताया कि एक मरीज ने मरने के बाद की जिंदगी को खूबसूरत बताया और वहां जाने के लिए बेचैन थी. मरीज का कहा था कि वह जगह बेहद खूबसूरत और सुकून से भरी है. यह सुनकर हैडली भी हैरान रह गई थीं। इसके अलावा नर्स ने बताया कि कई मरीज ऐसे भी थे, जिन्होंने खुद को अपने किसी दिवंगत प्रियजनों से बात करते हुए देखा था. पहले तो हैडली को यकीन नहीं हुआ, लेकिन बाद में उन्हें समझ में आया कि मरीज सच बोल रहे थे, क्योंकि वो जिस तरह से उनके सामने बर्ताव करते थे उससे यही लगता था कि उनके सामने कोई खड़ा है।

हैडली ने एक अन्य घटना का जिक्र किया जिसमें एक मरीज ने उनसे अचानक पूछा कि 'क्या आप तितलियां थीं?' क्योंकि, मौत से कुछ ही समय पहले उस मरीज को हर जगह तितलियां नजर आ रही थीं. इसके अलावा नर्स ने मिस सू की कहानी बताई, जिनका कहना था कि उन्हें दुनिया छोड़ने का कोई गम नहीं, क्योंकि उनका मर चुका पति दूसरी दुनिया में ले जाने के लिए आया है. इन अनुभवों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मौत के करीब पहुंचने पर कुछ लोग अजीबोगरीब अनुभव करते हैं।

# फ्लाईओवर लेना है या नहीं अब बताएगा गूगल मैप



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , गूगल मैप में नया फीचर आ गया है। इस नए फीचर्स ने यूजर्स को आने वाले फ्लाईओवर के लिए तैयार होने में मदद करेंगे, फोर व्हीलर ड्राइवर्स को छोटी सड़कों पर नेविगेट करने में मदद करेंगे और ईवी ड्राइवरों को नियरेस्ट चार्जिंग स्टेशन का पता लगाने में मदद करेंगे। साथ ही यूजर्स गूगल मैप ऐप से मेट्रो टिकट भी बुक कर सकेंगे और ऐप पर सड़क दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया को भी अब सरल बनाया गया है। पढ़िए पूरी खबर...

आपको बता दें कि शहर के ट्रैफिक में ड्राइविंग करते समय यूजर्स को आने वाले फ्लाईओवर के लिए तैयार रहने में मदद करने के लिए, गूगल मैप को एक नए फ्लाईओवर कॉलआउट फीचर के साथ अपडेट किया गया है। कंपनी का कहना है कि ये फीचर खासतौर नई जगह पर ड्राइविंग करते समय फ्लाईओवर लेने या नीचे की सड़क लेने के बारे में फैसला करने की जरूरत को खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। आपको बता दें कि इस अपडेट का इंतजार काफी समय से यूजर्स को था।

देश के 40 शहरों में होगा उपलब्ध

एंड्रॉइड स्मार्टफोन या एंड्रॉइड ऑटो यूनिट के यूजर्स को इस हफ्ते से ही नया फ्लाईओवर कॉलआउट फीचर दिखाई देना शुरू हो जाएगा और ये शुरू में देश के 40 शहरों में उपलब्ध होगा। कंपनी के मुताबिक टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर दोनों ही तरह के नेविगेशन रूट पर ये कॉलआउट शो होंगे। आईओएस और कारप्ले यूजर्स को इंतजार करना होगा। फिलहाल इन प्लेटफॉर्म पर इस फीचर के लिए कोई रिलीज डेट नहीं है।

गूगल मैप अब देश भर में ईवी चार्जिंग स्टेशनों से संबंधित जानकारी देंगे और ये जानकारियां कंपनी के सर्च रिजल्ट पर भी दिखेंगी। ड्राइवर देख पाएंगे कि चार्जिंग स्टेशन पर किस प्रकार के प्लग सपोर्ट हैं, साथ ही ये भी देख पाएंगे कि स्टेशन रियल-टाइम में खुला है या नहीं। कंपनी ने देश में 8 हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के लिए जानकारी जुटाने के लिए 4 ईवी चार्जिंग प्रोवाइडर्स एथर, इलेक्ट्रिकपे, कज़म और स्टेटिक के साथ साझेदारी की है।गूगल मैप में अपडेट के बाद नया एआई-पावर्ड नेविगेशन फीचर भी मिलेगा। जो छोटी सड़कों की चौड़ाई का अनुमान लगाएगा, जिससे फोर-व्हीलर ड्राइवर्स को भीड़-भाड़ वाली सड़कों की संभावना के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके अलावा यात्री गूगल मैप्स पर अब मेट्रो टिकट बुक कर सकेंगे और कंपनी ने अपने नेविगेशन ऐप पर ये सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ओएनडीसी और नम्मा यात्री के साथ साझेदारी की है।

# देहरादून से केदारनाथ तक आफत बनी बारिश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , उत्तराखंड में बुधवार को हुई 24 घंटे लगातार भारी बारिश के बाद पहाड़ के लेकर मैदान तक पानी पानी है। गढ़वाल, कुमाऊं में हर जगह भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है।राज्य की सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसके बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनपद टिहरी गढ़वाल के आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना। आपदा प्रभावित लोगों को मुख्यमंत्री ने दिया हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

केदारनाथ धाम और आसपास हुई मूसलाधर बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित बुरी तरह प्रभावित हुआ है. केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग से भीमबली के बीच पैदल मार्ग पर फंसे हुए यात्रियों को एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमों की ओर से दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर वैकल्पिक मार्ग बनाकर सुरक्षित रूप से निकाला जा रहा है. दरअसल केदारनाथ पैदल मार्ग भारी बारिश के चलते जगह-जगह वॉश आउट हो चुका है. केदारनाथ हाईवे का



करीब 100 मीटर हिस्सा बांसबाड़ा में बह चुका है.

लिंचोली में फंसे तीर्थयात्रियों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू: केदारनाथ पैदल मार्ग पर के लिंचोली में फंसे यात्रियों का हेलीकाप्टर से रेस्क्यू किया जा रहा है. घनसाली क्षेत्र के घनसाली–केदारनाथ मोटरमार्ग पर मुयालगांव के समीप मोटर पुल के ध्वस्त होने के कारण, SDRF टीम द्वारा घनसाली के ग्रामीणों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है. SDRF टीम ने 100 से अधिक यात्रियों और ग्रामीणों को रोप की सहायता से रास्ता सुरक्षित पार कराया. इसके साथ ही, एक स्थानीय नागरिक, जिनका स्वास्थ्य अत्यधिक



खराब थी, उन्हें स्ट्रेचर के माध्यम से लाया गया और एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया.

बुधवार रात को हुई अत्यधिक बारिश से केदारघाटी के लिनचोली के समीप जंगलचट्टी में बादल फट गया. इससे रामबाड़ा, भीमबली और लिनचोली का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया. मौके पर फंसे तीर्थ यात्रियों और मजदूरों को सुरक्षित निकाल दिया गया है. जिलाधिकारी सौरभ गहरवार आज स्वयं मौके पर पहुंचकर प्रभावित इलाके का जायजा ले रहे हैं. सीएम धामी भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं.

बुधवार रात्रि को केदारनाथ में हुई तेज बारिश से एनडीआरएफ व जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीमों द्वारा रेस्क्यू जारी है. अभी तक कोई भी मानवीय हानि की सूचना नहीं है. संभावित बारिश के दृष्टिगत सोनप्रयाग और गौरीकुंड में नदी किनारे होटल और लॉज खाली करवा दिए गए हैं. तेज बारिश के अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहले ही तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहरा दिया गया था. बीती रात को हुई भारी बारिश के कारण केदारनाथ के पैदल मार्ग पर कई जगहों पर गदेरे उफान पर आ गए थे. जिसको देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देशन में रेस्क्यू किया जा रहा है.

# लोगों को जल्द सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के निर्देश : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

केदारनाथ , 2 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में बुधवार रात्रि को हुई अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग को निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त सड़कों और पैदल मार्गों के सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जाय। संवेदनशील स्थानों से लोगों को जल्द सुरक्षित स्थानों पर लाया जाए।मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

उन्होंने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग को यात्रा मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं को यथाशीघ्र सुरक्षित स्थानों में लाये जाने के साथ ही भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। प्रभावित क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का पूरा आंकलन करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को अनुमन्य सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। आपदा प्रभावित क्षेत्र में जन जीवन सामान्य बनाने के लिए सड़क कनेक्टिविटी,



विद्युत और पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार ने जानकारी दी कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के फंसे होने की सूचना मिलते ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर लाया जा रहा है, साथ ही उनके लिए भोजन और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्थाएं की गई है। आज दोपहर एक बजे तक लगभग 300 यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर लाया गया है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों से लोगों को सुरक्षित स्थानों में ले जाया जा रहा है। अतिवृष्टि से बहे पुल व क्षतिग्रस्त मार्गों को बनाने की कार्यवाही भी गतिमान है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, अध्यक्ष जिला पंचायत अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# म्यांमार में फंसे लोगों की वापसी में जुटे मुख्यमंत्री

■ **मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्री से फोन पर वार्ता कर दी घटना की जानकारी**

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर से म्यांमार में फंसे उत्तराखण्ड के लोगों की सुरक्षित वापसी का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने फोन पर विदेश मंत्री से वार्ता की तथा उन्हे स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि म्यांमार के कॉल सेंटरों द्वारा उत्तराखंड के 15 से अधिक पुरुषों और नौ महिलाओं को अगवा कर उन्हें म्यांमार में कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

सीएम धामी ने विदेश मंत्री से किया अनुरोध

उन्होंने कहा कि इस स्थिति से पीड़ितों के परिजन परेशानी और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से उत्तराखंड के



लोगों में भी भय बना हुआ है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने 31 जुलाई, 2024 केएक अख़बार में प्रकाशित समाचार का उल्लेख करते हुए उत्तराखंड के नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विदेश मंत्री से सहायता की अपेक्षा की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मजिरकांडा- भटेड़ी मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त

पिथौरागढ़। मजिरकांडा- भटेड़ी मोटर मार्ग जुलपाता के पास क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण दैनिक कार्य के लिए पैदल यात्रा करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी गोपाल सिंह बिष्ट ने कहा मजिरकांडा-भटेड़ी मोटर मार्ग जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गया है। जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाग्रस्त को दावत दे सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क में मौजूद गड्ढों को सही करने की मांग की है।

### केदारनाथ में आपदा में ठप हो जाता है संचार तंत्र

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में वर्ष 2013 की आपदा के बाद भले ही सुरक्षा के कई प्रयास हुए हैं और वर्तमान में केदारपुरी को पूरी तरह सुरक्षित बना दिया गया हो किंतु 11 सालों में भी यहां संचार तंत्र को मजबूत नहीं किया गया है। आलम यह है कि विपत्ति के समय यहां सम्पर्क करना हर किसी के लिए मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि स्वयं प्रशासन, पुलिस और अन्य एजेंसियों को भी केदारनाथ सम्पर्क करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक 16 किमी पैदल मार्ग में संचार सेवा हमेशा ही सबके लिए मुसीबत बनी रहती है। भले ही अन्य दिनों यहां बेहतर नेटवर्क रहा हो किंतु जब सम्पर्क की सबसे ज्यादा जरूरत हो तब यहां नेटवर्क की समस्या हर किसी को परेशान करती है। बीती रात आपदा के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ तक मोबाइल सम्पर्क नहीं हो सका। जिससे केदारपुरी और पैदल मार्ग की सही जानकारी मिलने में काफी देर हुई। केदारनाथ धाम में लोगों से सम्पर्क नहीं हो सका। जिन लोगों के अपने केदारनाथ में हैं उन्हें भी अपनों की खबर पाने के लिए मुश्किलें उठानी पड़ी। केदारनाथ धाम में बीएसएनएल के अलावा कुछ निजी कम्पनियां मोबाइल सेवा दे रही हैं किंतु सरकार को चाहिए कि केदारनाथ में एक मजबूत संचार तंत्र विकसित किया जाए ताकि मुश्किल क्षण में केदारपुरी से लेकर गौरीकुंड तक आसानी से सम्पर्क हो और पल-पल की जानकारी मिलती रहे। गुरुवार को भी दोपहर तक केदारनाथ धाम में सम्पर्क नहीं हो सका। हालांकि पुलिस और प्रशासन का कहना है कि केदारनाथ में सबकुछ कुशल है। बादल फटने की घटना भीमबली के नजदीक हुई है।

### खाई से पुलिस कर्मियों ने कावंड़िये को निकाला बाहर

नई टिहरी । ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर तीन धारा में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से बाइक सवार कांवड़िया खाई में जा गिरा। जबकि पीछे बैठी पत्नी सड़क पर गिर गयी। दम्पति केदारनाथ से वापस लौट रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस चौकी बछेलीखाल के सिपाहियों ने रस्सियों के सहारे तत्काल खाई में उतरकर कावड़िये को सकुशल बाहर निकालकर जान बचाई।गुरूवार को देवप्रयाग पुलिस, मेरठ निवासी दम्पति के लिए यहां देवदूत साबित हुई। केदारनाथ से बाइक में लौट रहे दिल्ली चुंगी मेरठ निवासी मनोज शर्मा व उनकी पत्नी अदिति शर्मा तीन धारा में ऊपर से गिरे पत्थर की चपेट में आ गए। इससे बाइक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गयी। जिसमें अदिति शर्मा सड़क पर ही गिर गयी। जबकि मनोज शर्मा उछल कर खाई की ओर जा गिरे। पति के खाई में गिरने से अदिति रोने-चिल्लाने लगी। संयोग से गढ़वाल मण्डल आयुक्त की ड्यूटी से लौट रहे बछेली खाल चौकी सिपाही राजेश नयाल व भूपेंद्र के सामने ही यह घटना हुई। बिना देर किये दोनों सिपाही वाहन में मौजूद रस्सी के सहारे खाई में उतर गए और 35 वर्षीय मनोज शर्मा को सकुशल बाहर निकाल लिया।

### रुकम तीसरी बार बने पीटीए अध्यक्ष

नई टिहरी। स्वतंत्रता सेनानी वचन सिंह बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हिंडोलाखाल में आयोजित अभिभावक संघ की बैठक में रुकम सिंह बिष्ट तीसरी बार पीटीए अध्यक्ष चुने गए। जबकि गिरीश कुमार मंत्री, नेहा बंगारी कोषाध्यक्ष, शुकदेव कुमार, पुरुषोत्तम रतूड़ी, कुंवर सिंह बागड़ी, राजेंद्र लाल, रजनी देवी, साक्षी देवी, विनीता देवी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। उन्होंने कहा कि स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने और समस्याओं के निराकरण के लिए मिलकर प्रयास किया जाएगा।

### अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए

नई टिहरी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित सभी अधिकारियों और विभागीय नोडल अधिकारियों को हाई अलर्ट में रहने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपदा व दुर्घटना की स्थिति में तुरंत मौके पर कार्यवाही करते हुए सूचना तत्काल देने को कहा। उन्होंने आपदा में फंसे लोगों के लिए खाद्य सामग्री और मेडिकल की व्यवस्था करने, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूलों में सावधानी बरतने, बंद सड़कों को शीघ्र खुलवाने, नगर और कस्बों में बंद नालियों को खोलने के निर्देश दिए।

# डीएम सोनिका ने 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर की बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून 02 अगस्त : जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों को समझाते हुए निर्देशित किया कि जो भी जिम्मेदारियां एवं दायित्व दिए गए हैं उनको जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल, नगर निगम को परेड ग्राउंड में अस्थाई निर्माण कार्य, सीटिंग व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, सफाई आदि समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। समस्त उप जिलाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम एवं प्रभात फेरी आयोजित करने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रभात फेरी के दौरान चिकित्सक सहित एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए।

नारी निकेतन, कारागार में मिष्ठान तथा चिकित्सालयों में फल वितरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिक्षा विभाग को स्कूलों वाद/विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निगम को कार्यक्रम शहर में सफाई व्यवस्था, एमडीडीए एवं नगर निगम को मुख्य चौराहों, शासकीय भवन पर प्रकाश व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। सूचना विभाग मुख्य चौराहों पर देश भक्ति के गीत प्रसारित करने तथा कार्यक्रम स्थल एवं प्रमुख चौराहों पर एलईडी स्थापना, कार्यक्रम स्थल पर फोटो गैलरी स्थापित करने। शिक्षा विभाग प्रभात फेरी तथा जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यक्रम स्थल जलपान एवं प्रभात फेरी के दौरान मिष्ठान की व्यवस्था के निर्देश दिए।

पुलिस विभाग को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बाल विकास विभाग कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाने। उन्होंने निर्देश दिए की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पॉलीथिन से बनी झंडे एवं सामग्री निषेध रहेगी। जिला आबकारी अधिकारी को 14 अगस्त रात्रि से 16 अगस्त प्रातः 10 बजे तक शराब की दुकानें, कैंटीन समस्त आबकारी अनुज्ञापन बंद रखने के निर्देश दिए। जनपद के प्रमुख चौराहों पर 14 अगस्त 2024 को सायं 06 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा 15 अगस्त 2024 को प्रातः 06 बजे से 11 बजे पूर्वाह्न तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम एवं देश भक्ति के गीतों का प्रसारण। 15 अगस्त को सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरि गिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, कमांडेंट होमगार्ड राहुल सचान,जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, अधीक्षण अभियंता लोनी सी जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेंद्र कुमार, अधि अभि लोनिवि उषा भंडारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड की बच्ची के हाथ में बिजली सी कौंधती है तलवार, चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





देहरादून 02 अगस्त : फेंसिंग यानी तलवारबाजी चैंपियनशिप के कैडेट वर्ग में सिल्वर मैडल जीतने वाली भावना टाकुली सोशल बलूनी स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा हैं।मूल रूप से बागेश्वर की रहने वाली भावना टाकुली के पिता प्रताप सिंह टाकुली भारतीय सेना में तैनात हैं। भावना के पिता प्रताप सिंह स्वयं सेना में तलवारबाजी के प्रशिक्षक हैं।

सोशल बलूनी फेंसिंग अकादमी के खेल विभाग शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही भावना टाकूली ने दिल्ली में चल रही खेलो इंडिया रैंकिंग फेंसिंग चैंपियनशिप के कैडेट वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है। भावना सोशल बलूनी स्कूल में 11वीं की छात्रा हैं, इन्होने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का लोहा मनवाया। खेल विभाग ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

भावना के कोच प्रदीप कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। लीग और नॉकआउट राउंड में विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों को हराकर भावना ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इस शानदार सफलता पर स्कूल के डायरेक्टर विपिन बलूनी, प्रिंसिपल पंकज नौटियाल और जिला खेल अधिकारी ने भावना और उनके कोच को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# देहरादून के हार्दिक ने बास्केटबॉल में रचा इतिहास, बने उत्तराखंड के पहले और देश के सबसे युवा खिलाड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 02 अगस्त : हार्दिक का चयन बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के लिए हुआ है और वे उत्तराखंड के पहले और भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं जो बीएफआई के लिए चयनित हुए हैं।चेन्नई में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंडर-15 ट्रायल में देहरादून के 11 वर्षीय हार्दिक रघुवंशी का चयन हुआ है। हार्दिक एन मैरी स्कूल के पांचवीं कक्षा के छात्र हैं। महाराष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय आवासीय विद्यालय, कॉर्वस अमेरिकन अकादमी हार्दिक के आगे के अध्ययन और बास्केटबॉल प्रशिक्षण की जिम्मेदारी लेगी। हार्दिक के माता-पिता मनीष और रोमा रघुवंशी पूर्व राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं।

मनीष रघुवंशी ने बताया कि वे तुलाज इंटरनेशनल स्कूल में बास्केटबॉल कोच और ओएनजीसी बास्केटबॉल क्लब के सदस्य भी हैं और उन्होंने अपने बेटे को खुद ट्रेनिंग दी है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत से बीएफआई की ओर से कुल 25 लड़के और 25 लड़कियों का चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों में हार्दिक की उम्र सबसे कम है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बागेश्वर से अल्मोड़ा पहुंची एम्बुलेंस बीच सड़क में हुई ख़राब

अल्मोड़ा।स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में सरकार के दावे कुछ और कहते हैं और जमीनी हकीकत कुछ और बयान करती है। मरीज को ले जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा खुद बीमार पड़ी है। यहाँ अल्मोड़ा में मरीज को अस्पताल पहुंचाकर वापस लौट रही एंबुलेंस बीच सड़क पर खराब हो गई। गनीमत रही कि एम्बुलेंस मरीज को पहुँचाने के बाद वापस लौट रही थी अन्यथा कोई अनहोनी हो सकती थी। बृहस्पतिवार को बागेश्वर से मरीज को अल्मोड़ा लाई एम्बुलेंस वापस जाते समय रास्ते में ख़राब हो गई। बीच सड़क में एम्बुलेंस ख़राब होने से जाम लग गया। माल रोड में अपराह्न करीब डेढ़ बजे बीच सड़क में 108 एंबुलेंस का टायर टेढ़ा होकर बाहर को निकल गया। एम्बुलेंस बागेश्वर से अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में एक मरीज को लेकर पहुंची थी। एंबुलेंस मरीज को छोड़कर जब वापस बागेश्वर को जा रही थी तो माल रोड पर एंबुलेंस का टायर का नट टूटने से टायर बाहर निकल आया, जिसके बाद सड़क पर जाम लग गया और लोग जाम में फँस गए। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने रास्ता डाइवर्ट कर वाहनों को दूसरे रास्तों से गंतव्य को भेजा।

### मालरोड को दुरुस्त करें सम्बन्धित विभाग, वरना करेंगे आन्दोलन : कर्नाटक

अल्मोड़ा।अल्मोड़ा की माल रोड में डामरीकरण हुए दो माह का समय भी नहीं हुआ है और सड़क में जगह-जगह गड्ढे बनने लगे हैं, जिन गड्ढों से रिसकर पानी लोगों के घरों में जा रहा है। बुधवार शाम बख्शीखोला में माल रोड पर तीन बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। जिससे पानी लोगों के घरों में जाने लगा। सूचना पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के द्वारा तत्काल जल निगम के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता को तत्काल कार्यवाही हेतु सूचित किया गया, साथ ही उनके द्वारा अविलंब प्रातःकाल तक गड्ढों के सुधारीकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई, तब जाकर आज सुबह मौके पर ठेकेदार के आदमी पहुंचे और गड्ढों को सीमेंट से भरने का कार्य किया गया। इस अवसर पर कर्नाटक ने कहा कि 6 माह तक जनता लगातार माल रोड में सीवर लाइन पड़ने के कारण परेशान रही। इसके बाद डामरीकरण के लिए जनता को इंतजार करना पड़ा और काफी आंदोलनों के बाद संबंधित विभाग ने आनन फानन में डामरीकरण किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग ठेकेदार के माध्यम से 15 दिन के भीतर सड़क की गुणवत्ता की जांच कर सड़क को पूरी तरह दुरुस्त करे, जिससे कि लोगों को दिक्कतें न हो अन्यथा जनता को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### परिसीमन के विरोध में आयोजित हुई बैठक, देंगे ज्ञापन

अल्मोड़ा।नगर के एक निजी होटल में नगरपालिका परिसीमन के दायरे में आ रहे नगर के समीप के सभी 25 ग्रामों के जनप्रतिनिधियों व पूर्व में रहे जनप्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 03 अगस्त को डीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ग्राम पंचायतों को नगर पालिका में मिलाने के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। इसके पश्चात 05 अगस्त को सभी ग्रामवासियों द्वारा बड़ी संख्या में चौघानपाटा क्षेत्र में सुबह 11 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद अगर सरकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आई तो 12 अगस्त को बहुत बड़ी संख्या में जुलूस भी निकाला जाएगा। यहाँ बैठक में धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, आनंद सिंह कंवल, हंसा मोर्तियाल, जगदीश लटवाल, हरेंद्र प्रसाद शैली, मनोज जोशी, नवीन सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, हरीश सिंह रावत, विपिन बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### रियांसी आंगनबाड़ी में मनाया गया स्तनपान दिवस

पिथौरागढ़। मूनाकोट विकासखंड के रियांसी आंगनबाड़ी केंद्र में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भागीरथी चौहान व रेनू खड़ायत ने गर्भवती महिलाओं व गांव की अन्य महिलाओं को प्रोत्साहित कर मां के दूध के महत्व में जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चौहान ने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान है। मां का दूध शिशुओं को कुपोषण व अतिसार जैसी बिमारियों से बचाता है। अन्य कार्यकर्ता खड़ायत ने बताया कि नवजात शिशुओं को 6 माह तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। स्तनपान को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। कहा कि नवजात शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध पिलाना चाहिए। मां का पहला दूध पोषण से युक्त होता है।

# श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को मिली चार फैकल्टी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 अगस्त , प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने के दृष्टिगत चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संविदा के आधार पर मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाल राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर में राज्य सरकार ने विभिन्न संकायों के अंतर्गत चार मेडिकल फैकल्टी तथा दो कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की है। नई मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति से जहां मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी दूर होगी वहीं शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार आयेगा।




हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित साक्षात्कार/चयन समिति द्वारा श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में रिक्त मेडिकल फैकल्टी के पदों के लिये साक्षात्कार आयोजित किया गया। जिसमें चयन कमेटी ने चार मेडिकल फैकल्टी तथा दो कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर का चयन किया। जिसमें पैथोलॉली विभाग के अंतर्गत एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर डॉ पवन भट, असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर डॉ. स्वाती पुण्डीर, आर्थोपेडिक्स में डॉ. वेद प्रकाश अग्रवाल, ईएनटी में डॉ. श्वेता पूरबी का चयन किया गया।

इसी प्रकार कैज्युअल्टी मेडिकल विभाग में कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर के पद पर डॉ. अजीत कुमार तथा डॉ. कृष्णाकांत त्यागी का चयन किया गया है। इन सभी चयनित अभ्यर्थियों को राज्य सरकार ने संविदा के आधार पर नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। चयनित मेडिकल फैकल्टी एवं कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर को तीन वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो के लिये नियुक्त किया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति के लिये सरकार लगातार प्रयासरत है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में विभिन्न संकायों में लगभग एक दर्जन मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति की मंजूरी प्रदान की थी। इन सभी नव नियुक्त मेडिकल फैकल्टी के आने से मेडिकल कॉलेज में शिक्षण कार्यों में गति आयेगी वहीं मरीजों को भी डॉक्टरों की नियुक्ति का लाभ मिलेगा।

# 200 से 250 सीसी की इन 10 मोटरसाइकिल का युवाओं में क्रेज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : भारतीय बाजार में कम्यूटर सेगमेंट में 100 सीसी से लेकर 150 सीसी तक की मोटरसाइकिल के बीच 200 सीसी से ज्यादा सेगमेंट की बाइक्स की भी अच्छी डिमांड है और इसमें हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस, बजाज, सुजुकी, केटीएम और हुस्कवर्ना समेत काफी सारी कंपनियों ने एक से बढ़कर एक प्रोडक्ट पेश किए हैं। 200 से 250 सीसी की बाइक्स आमतौर पर सिंगल सिलिंडर या ट्विन-सिलिंडर इंजन से लैस होती हैं और 15 से 25 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करती हैं। अर्बन राइडिंग के लिए ये बाइक्स धांसू टॉर्क जेनरेट करती हैं। साथ ही स्टाइलिश डिजाइन, पावरफुल इंजन, बेहतर सस्पेंशन और मॉडर्न फीचर्स की वजह से ये काफी पॉपुलर हैं। आइए, आज हम आपको इस सेगमेंट की टॉप 10 मोटरसाइकल्स के बारे में बताते हैं।

हीरो मोटोकॉर्प की सबसे स्टाइलिश मोटरसाइकल में से एक करिज्मा एक्सएमआर (Hero Karizma XMR) में 210 सीसी का इंजन लगा है और इसकी




एक्स शोरूम प्राइस 1.80 लाख रुपये है। केटीएम की पॉपुलर मोटरसाइकल 250 ड्यूक (KTM 250 Duke) में 249 सीसी का इंजन लगा है और इसकी एक्स शोरूम प्राइस 2.39 लाख रुपये है।

टीवीएस मोटर कंपनी की रेट्रो-मॉडर्न डिजाइन वाली मोटरसाइकल रोनिन (TVS Ronin 225) की एक्स शोरूम प्राइस 1.49 लाख रुपये से लेकर 1.73 लाख रुपये तक है। इसमें 225 सीसी का इंजन लगा है। सुजुकी की एडवेंचर मोटरसाइकल वी-स्ट्रॉम एसएक्स 250 (Suzuki V-Strom SX 250) में 249 सीसी का इंजन लगा है और इसकी एक्स शोरूम प्राइस 2.12 लाख रुपये है हीरो मोटोकॉर्प की पॉपुलर एडवेंचर ऑफ-रोड बाइक एक्सपल्स 200 4वी (Hero XPulse 200 4V) में 199.6 सीसी का इंजन लगा है और इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.47 लाख रुपये से लेकर 1.55 लाख रुपये तक है।

## डांग और गणेश बाजार रही जलभराव की समस्या

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में एक ही बारिश ने नगर निगम की दावों की पोल खोलकर रख दी है। बुधवार देर शाम हुई बारिश से नगर निगम के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या देखने को मिली। निगम और एनएच लोनिवि की नालियां जगह-जगह चोक होने से बरसाती पानी सड़कों में बहता रहा। बारिश ने लोगों को जहां गर्मी से निजात दिलाई वहीं शहरवासियों को जलभराव होने से भारी दिक्कतें झेलनी पड़ी। श्रीनगर के गणेश बाजार, तिवाड़ी मोहल्ला, डांग, नेशनल हाईवे पर एनआईटी के समीप बनी नालियों, लोवर भक्तियाना में जलभराव के कारण दुकानों तक पानी आ पहुंचा। वहीं एसएसबी के समीप केंद्रीय विद्यालय बारिश के कारण धवस्त होकर मलबा नाली व सड़क पर जा गिरा। विद्यालय की प्रधानाचार्य कीर्ति सक्सेना ने बताया कि बुधवार रात को करीब साढ़े नौ बजे के करीब बारिश होने के कारण विद्यालय की दीवार ढह गयी थी। सड़क पर बिखरे दीवार के मलबे को हटा दिया गया है। वहीं, नगर निगम के सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने बताया बरसात से पहले ही कई बार नालियों की सफाई की जा चुकी है। लेकिन भारी बारिश होने से शहर के डांग, एनआईटी के समीप, श्रीकोट में नालियों में बरसाती नाले के साथ कूड़ा करकट भर जाने से जलभराव की स्थिति पैदा न हो इसके लिये नालियों की सफाई की गई है।

## गढ़वाल विवि में मांगों को लेकर छात्रों का धरना रहा जारी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय में आरक्षित सीटों को सामान्य किए जाने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में धांधली किए जाने और विवि प्रशासन से रोस्टर दिखाने की मांग को लेकर एबीवीपी और आर्यन छात्र संगठन का धरना गुरुवार को गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन में जारी रहा। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अमन पंत ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बिना रोस्टर के आरक्षित सीटों को सामान्य वर्ग में कर दिया गया, जबकि विवि से इस संबंध में रोस्टर मांगा जा रहा है तो अधिकारी रोस्टर दिखा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि गढ़वाल विवि में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में बड़ी धांधली हुई है। साथ ही लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन एवं प्रोग्रामर की आरक्षित सीट को बदलकर भी सामान्य कर दिया गया है। कहा कि गढ़वाल विवि में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। छात्र नेता आकाश रतूड़ी, दिपांशु मलवाल और रोबिन असवाल ने कहा कि इस तरीके से विवि बंद करवाया जाना विवि प्रशासन के अधिकारियों का छात्रों के प्रति लापरवाह एवं नकारात्मक रवैये को दर्शाता है। विवि द्वारा अपनी गलतियों को छिपाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। विवि शीघ्र खोला नहीं जाता है तो समस्त छात्रों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है आंदोलन जारी रहेगा। वहीं मामले को लेकर एबीवीपी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित किया है।

## अधिवक्ता कुलदीप के निधन पर जताया शोक

श्रीनगर गढ़वाल। बार एसोसिशन श्रीनगर ने जिला न्यायालय गापेश्वर में कार्यरत वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप बर्त्वाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बार एसोसिशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप पांथरी ने कहा कि अधिवक्ता कुलदीप बर्त्वाल एक कुशल अधिवक्ता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कई वर्षों तक शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रूप में भी कार्य किया। उनके आकस्मिक निधन पर अपूर्णीय क्षति हुई है। मौके पर बार काउंसिल ऑफ उत्तराखण्ड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी, अध्यक्ष प्रमेश जोशी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह जयाड़ा, सचिव ब्रह्मानन्द भट्ट, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, प्रदीप मैठाणी, पूर्व अध्यक्ष दीपक भण्डारी, पूर्व सह सचिव विकास पंत, देवी प्रसाद खरे, एसपी शुक्ला, आनन्द सिंह बुटोला, सुमन रावत, बलवीर सिंह रौतेला, ओम प्रकाश मैठाणी, विवेक जोशी, सुरेन्द्र सिंह रौथाण आदि ने शोक व्यक्त किया।

## आंधी-तूफान से गांवों में रातभर गुल रही बिजली

चमोली। बुधवार देर शाम को बारिश और आंधी के कारण कर्णप्रयाग, सिमली, लंगासू, आदिबदरी, गौचर, कालेश्वर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग परेशान रहे। गैरोली, सिमली, चमोला, सेनू, बसक्वाली में तार टूटने से रातभर बिजली गुल रही और गुरुवार शाम को बिजली की आपूर्ति बहाल हो पाई। उत्तरों की क्षेत्र पंचायत सदस्य अंजना देवी ने बताया कि धारडुंग्री मोटर मार्ग पर ग्राम पंचायत स्वर्का के कांचुला में हर्षवर्धन डिमरी के सवारी वाहन पर तीन पेड़ गिर गए, जिससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हैपेटाइटिस की जांच कोरोनेशन से कराने के निर्देश

देहरादून। दून अस्पताल में चल रहे हैपेटाइटिस क्लीनिक में इलाज को आने वाले मरीजों से बाहर से छह हजार तक की जांच निजी लैबों से कराने पर प्रबंधन ने सख्ती अख्तियार की है। उन्होंने सभी डॉक्टरों को निर्देशित किया है कि वह मरीजों को सही तरीके से बताए कि यह जांच अभी उपलब्ध नहीं है और कोरोनेशन में मुफ्त होती है। ताकि मरीज गुमराह न हो और उनके अतिरिक्त पैसे खर्च न हो। कुछ डॉक्टरों पर आरोप लगे हैं कि वह बाहर से महंगी जांच करा रहे हैं। वहीं विभाग एवं क्लीनिक के डॉक्टरों में आपस में समन्वय नहीं है। जिससे मरीजों को नुकसान हो रहा है। एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल की ओर से इस संबंध में डॉक्टरों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

### बच्चों को पढ़ाने वाले युवाओं को बांटे प्रमाण पत्र

देहरादून। आर्यन ग्रुप संस्था ने काठ बांग्ला बस्ती में इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। पिछले दो महीने से पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के 12 छात्र छात्राएं आर्यन ग्रुप के पांच सेंटर में इंटर्नशिप कर रहे थे, जिसमें वह संस्था द्वारा चलाई जा रहे निशुल्क बाल विकास केंद्रों में बच्चों को पढ़ाने का कार्य कर रहे थे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद उर्मिला थापा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष गर्ग, अजय गोविंद ने बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। छात्र आकर्षण, शुभीका, नेहा और वैभव ने अपने इंटर्नशिप के दौरान बताए गए अनुभव साझा किये। छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान आर्यन ग्रुप के अध्यक्ष फैजी अलीम खान, उपाध्यक्ष उपासना वर्मा, प्रकाश रावत, अनस, शाहिदा खातून, सोना, यासमीन, साबिया आदि मौजूद रहे।

### विकेश सिंह नेगी को जिलाबदर करने पर अधिवक्ताओं ने उठाए सवाल

देहरादून। अधिवक्ता विकेश सिंह को जिला बदर किए जाने पर अधिवक्ताओं को सवाल उठाए। गुरुवार को कई अधिवक्ताओं ने इसकी नींदा की। वकीलों ने कहा कि वह इसे लेकर कमिश्नर कोर्ट में अपील करेंगे। वहां से राहत नहीं मिली तो हाईकोर्ट जाएंगे। गुरुवार को प्रेस क्लब स्थित सभागार में कई अधिवक्ताओं ने प्रेस वार्ता की। कहा कि आरटीआई के जरिए कई सूचनाएं मांगकर विकेश नेगी ने कई नेताओं और अफसरों को घेरा था। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह सुंदरियाल ने कहा कि विकेश को जिला बदर करने में कानून का सही तरीके से पालन नहीं किया गया है। पुलिस की बनाई रिपोर्ट और डीएम का आदेश पूरी तरह एक तरफा रहा। उन्होंने चिन्ता जताई कि इस तरह की कार्रवाई आमजनता के लिए भी खतरा हो सकती है। उन्होंने कहा कि गुंडा एक्ट उस पर लगाई जाती जिससे राह चलते लोगों में भय हो या मारे जाने का शक हो। उन्होंने कहा कि गुंडा एक्ट लगाने को पुलिस की तरफ से डीएम को भेजी गई रिपोर्ट ऐसा कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस खुद अपनी उस जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करे, जिसके आधार पर जिला बदर करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने इस मामले में जांच करने वाली पुलिस और डीएम की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। इस दौरान अधिवक्ता साक्षी खन्ना, अशोक अग्रवाल, केके बहुखंडी, प्रमिला रावत, जीसी शर्मा, आरएस नेगी, सुरेंद्र कुमार, विनीत सिंह, अनु पंत, श्याम वर्मा, गौरव बिष्ट शामिल रहे।

### दून स्ट्राइकर का जीत से आगाज

देहरादून। इंद्रापुरम फॉर्म क्लब देहरादून की ओर से आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट में दून स्ट्राइकर ने जीत से आगाज किया। मोथरोवाला स्थित ग्रीनवुड हिल्स स्कूल के फुटबाल ग्राउंड में गुरुवार को मुकाबले खेले गए। अंडर 15 के पहले मैच में दून स्ट्राइकर ने संपता क्लब को 5-4 के अंतर से हराया। ओपन एज में 6/8 गोरखा राइफल्स ने दून चेलेंजर को 3-1 के अंतर से शिकस्त दी। तीसरे मैच में नई बस्ती एफसी के खिलाफ दून वेली एफसी 4-2 के अंतर से विजयी रहा। 40 प्लस आयु वर्ग के चौथे मैच में डीएफए खेलो मास्टर्स उत्तराखंड ने यूके मास्टर्स को 3-0 शिकस्त दी। प्रतियोगिता में अंडर 15, ओपन एज और 40 प्लस में 08-08 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। इस दौरान आयोजक विष्णु, चीफ रेफरी डा. विरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने आंबेडकर पार्क में किया पौधरोपण

देहरादून। भाजपा करनपुर मंडल की ओर से गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंबेडकर पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर राजपुर रोड विधायक खजान दास, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, मंडल महामंत्री सौरभ शर्मा, अवधेश तिवाड़ी, देविका, अजय, महेश पाल आदि मौजूद रहे।

### एनएसयूआई का पुलिस व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने गुरुवार को एस्लेहाल चौक प भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बागेश्वर में संगठन के कार्यकर्ताओं पर सरकार के दबाव में एकतरफा कार्रवाई का आरोप पुलिस पर लगाया। एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में एकत्र हुए। वहां से पुलिस प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वे एस्लेहाल चौक पहुंचे। जहां प्रदर्शन किया।विकास नेगी ने आरोप लगाया कि 29 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय बागेश्वर में एबीवीपी छात्र संगठन ने बिना महाविद्यालय प्रशासन की अनुमति के महाविद्यालय में आरएसएस का कार्यक्रम आयोजित कराया। राजकीय महाविद्यालय बागेश्वर के छात्र संघ अध्यक्ष राहुल कुमार और एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया ने महाविद्यालय में बिना अनुमति के कराये जा रहे इस कार्यक्रम का विरोध किया।

# वो मोमबत्ती की तरह पिघला देगी आपकी चर्बी !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , गर्मियों के मौसम सफेद पेठा खूब खाया जाता है। कोई इसकी सब्जी बनाकर खाता है तो कोई इसकी मिठाई। लेकिन इसके अलावा कई लोग इसका जूस बनाकर भी पीते हैं। मिनरल्स से भरपूर सफेद पेठा न केवल आपको हाइड्रेटेड रखता है बल्कि आपकी स्किन को भी ग्लोइंग बनाता है। पेठे के जूस में कम कैलोरी और विटामिन मौजूद होता है जो इसे हेल्दी बनाता है और सबसे बड़ी बात ये है कि ये जूस स्वाद में बिल्कुल भी कड़वा नहीं होता है। जिसकी वजह से लोग इसे रोजाना बड़े चाव से पीते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं सफेद पेठे के जूस के क्या-क्या फायदे हैं।



पाचन तंत्र को बनाता है मजबूत

आंतें पाचन तंत्र में अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में आंतों का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। जो लोग रोज पेठे का जूस पीते हैं उनकी आंतों में अच्छी बैक्टीरिया पनपने लगती है जो आपको पाचन में मदद करता है।

एसिडिटी की समस्या से राहत

पेठे का जूस पीने से एसिडिटी नहीं होती है। ये पेट में मौजूद एसिड को कम करता है जिससे पेट में छाले की समस्या नहीं होती है। इसके अलावा ये जूस ठंडा होता है जो पेट में होने वाली जलन से राहत दिलाता है।

वेट लॉस

इस जूस में कम कैलोरी और भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है जो आपको वेट लूज करने में मदद करता है। अगर आप वेट लूज करना चाहते हैं तो आप भी इस जूस को हर रोज पी सकते हैं।

शरीर को रखता है हाइड्रेटेड

सफेद पेठे का जूस पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है और ये जूस एक डिटॉक्स ड्रिंक की तरह भी काम करता है ये आपके शरीर से गंदगी बाहर निकालने में मदद करता है।

दिमाग को बनाता है तेज

ये जूस दिमाग के लिए भी फायदेमंद है। ये स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके अलावा ये आपके मूड को बेहतर बनाता है और नई चीजें सीखने की क्षमता बढ़ाता है।

ग्लोइंग स्किन

सफेद पेठे के जूस में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो आपके चेहरे से पिंपल्स हटाते हैं और आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं।

## मेहलचौंरी में पीएचसी में घुसा मलबा और पानी

चमोली। गैरसैंण के मेहलचौंरी में बुधवार रात हुई भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ है। बारिश के कारण रामगंगा एवं सहायक नदी उफान पर आ गई। इस कारण यहां नदी का पानी सिंचाई विभाग द्वारा बनाऐ गये सुरक्षा दीवार का करीब 40 मीटर भाग तोड़कर विद्यामंदिर हाई स्कूल से होता हुआ खेल के मैदान और सीएचसी के भवन में घुस गया। इससे सीएचसी में रखी दवाइयों, फर्नीचर एवं उपकरण भी खराब हो गए हैं। बीती रात अचानक नदियों के उफान पर आने से मेहलचौंरी मैदान के निकट रह रहे लोगों में अफरातफरी मच गयी। सबने एक दूसरे को फोन पर इसकी सूचना दी। कुछ लोग तो घर को छोड़कर निकट के सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हो गये। नदी के पानी से मेहलचौंरी के खेल मैदान को काफी नुकसान पहुंचा है। सीएचसी गैरसैंण के चिकित्साधीक्षक डॉ. एएस रावत ने बताया कि सूचना मिलते ही गुरुवार को कर्मचारियों की सहायता से कमरों में जमी मिट्टी एवं गाद को साफ कर लिया है। बताया कि मातृ शिशु कल्याण केंद्र लाटूगैर के भवन में भी नदी का पानी चला गया था। प्रधान मेहलचौंरी बलवीर मेहरा ने शासन प्रशासन से मेहलचौंरी में हुए नुकसान का जायजा लेते हुये तुरंत सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

**इन स्थानों पर भी हुआ है नुकसान :** नदी के किनारे पर लाटूगैर का फील्ड क्षतिग्रस्त हो गया है। मूसों गांव में कई आवासीय भवनों के पुश्ते गिर गए हैं। जबकि कई मकानों में दरार भी आई है। मेगड़ नदी पर घटगांड़ में बना आरसीसी पुलिया बह गई है। बंजाड़ गधेरे में मैखोली स्कूल को जाने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हुई है। धुनारघाट -बाटाधार -नागचुला लिंक मोटर मार्ग कई स्थानों पर मलबा आने से अवरुद्ध हो गया है।

## लाकुई में पोल बहे, 15 घंटे बाद बहाल हो पाई विद्युत आपूर्ति

विकासनगर। बुधवार रात हुई तेज बारिश से आसन नदी पूरे ऊफान पर रही। इससे नदी किनारे लगे पोल भी बह गए। पोल बहने के कारण सेलाकुई के लोग बुधवार रात से गुरुवार दोपहर एक बजे तक बिना बिजली-पानी के रहे। 15 घंटे बाद दोपहर एक बजे के करीब क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। बिजली न होने से सेलाकुई की अधिकांश फैक्ट्रियों में काम भी ठप रहा। बुधवार रात तेज बारिश के कारण उफनाई आसन नदी किनारे पर लगे कई बिजली पोलों को भी बहा ले गई। साथ ही झाझरा से₹ आ रही 33 केवी की लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। इससे सेलाकुई बाजार, हरिपुर, बहादरपुर, बायाखाला, राजावाला, भाऊवाला आदि क्षेत्रों में रात दस बजे बिजली गुल हो गई। बिजली न होने से लोगों के इनवर्टर भी जबाब दे गए। इससे लोगों को रोजमर्रा के कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से जलसंस्थान के ट्यूबवेल, सबमर्सिबल भी ठप हो गए। इससे लोगों को पेयजल किल्लत से भी जूझना पड़ा। दोपहर एक बजे बिजली आपूर्ति सुचारु होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। ऊर्जा निगम के जेई नीटू सिंह ने बताया कि सेलाकुई के सब स्टेशन जिसमें सेलाकुई फर्स्ट, सेलाकुई सेकंड, फार्मा सिटी, डब्ल्यूएचओ स्टेशनों पर रात से ही लाइट नहीं थी। इन्हें ठीक कर दिया गया है। मात्र एक कंपनी में लाइट की आपूर्ति नहीं हो पाई है। देर रात तक इस कंपनी में भी विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

## विकासनगर विधायक चौहान ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

विकासनगर। बुधवार रात तेज बारिश के कारण हुए नुकसान को देखते हुए विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।विधायक ने ग्राम पंचायत बादामावाला के छोटूवाला, पृथ्वीपुर खेड़ा, बालूवाला, बरोटीवाला गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सिंचाई विभाग की ओर से पिछले दिनों किए गए आपदा राहत कार्यों का भी जायजा लिया। विधायक ने ट्रैक्टर में बैठकर आपदाग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सामने आई समस्याओं को कैसे जल्द दूर किया जाए, इस पर भी अधिकारियों से विचार किया गया। निरीक्षण के दौरान ईई सिंचाई विभाग रघुबीर सिंह गुसाई, सहायक अभियंता सुरेन्द्र श्रीकोटी, कनिष्ठ अभियंता प्रीतम तोमर, पीडब्ल्यूडी विभाग की कनिष्ठ अभियंता मिनाक्षी, बीडीसी मेंबर आशा चौहान, सुनीता, अक्षय, रवि, इंद्र चौहान आदि लोगों के साथ ही स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## बिजली-पेयजल किल्लत से जूझ रहे तिमली के लोगों ने किया प्रदर्शन

विकासनगर। पिछले डेढ़ माह से बिजली और पेयजल किल्लत से जूझ रहे तिमली गांव के लोगों ने ऊर्जा निगम के खिलाफ आक्रोश जताया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को ऊर्जा निगम के खिलाफ सड़क पर उतकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि अगर जल्द ही बिजली और पानी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण ऊर्जा निगम और जलसंस्थान कार्यालय में उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तिमली क्षेत्र पिछले डेढ़ माह से पेयजल और बिजली संकट से जूझ रहा है।

## डीएम हिमांशु खुराना ने की ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बृहस्पतिवार को ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रस्तावों का प्राथमिकता पर निस्तारण करते हुए निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में पार्किंग निर्माण कार्यो को तेजी से पूरा किया जाए। गोपेश्वर में लीसा बैंड के निकट पार्किंग निर्माण हेतु सर्वे करते हुए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करें। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निर्माण हेतु जहां पर भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां पर संबंधित एसडीएम से समन्वय करते हुए भूमि चिन्हित करें।

आपदा मद से प्रस्तावित कार्यो को प्राथमिकता रखें। जो कार्य पूर्ण हो चुके है, उनको संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए। विभागीय अधिकारी कार्यदायी संस्था के माध्यम से संचालित निर्माण कार्यो की स्वयं मॉनिटरिंग करें। निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा जाए। ताकि आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया ने बताया कि जिला योजना, राज्य सेक्टर तथा केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत शिक्षा विभाग के 178, स्वास्थ्य विभाग के 45, राजस्व विभाग के 11, समाज कल्याण, जिला विकास प्राधिकरण के 11, वन विभाग के 06, समाज कल्याण के 03, क्रीडा विभाग के 03, उच्च शिक्षा, पर्यटन व यूकाडा के 1-1 कार्य सहित कुल 260 निर्माण कार्य थे। जिनमें से 180 कार्य पूर्ण हो चुके है और अवशेष कार्यो में 90 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, अधिशासी अभियंता अला दिया, सहायक अभियंता एलपी भट्ट, जिला शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, एसीएमओ डॉ अभिषेक गुप्ता, क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नाले में बहने से युवक की मौत

विकासनगर । पछुवादून में बुधवार रात आसमान से आफत बरसी। शंकरपुर के बरसाती नाले में बहने से एक युवक की मौत हो गई। चोर खाला के उफान पर आने से एक मकान ध्वस्त हो गया। सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक हर जगह पानी भर गया। कहीं बिजली गुल हो गई और इससे पीने के पानी की आपूर्ति भी ठप रही। बुधवार रात हुई बारिश से गुरुवार को भी जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। सहसपुर ब्लॉक के शंकरपुर स्थित आईटीआई में काम करने वाला युवक आशीष कालूड़ा की रामखाला के तेज बहाव में बहने से मौत हो गई। सहसपुर थाने के एसएसआई शिशुपाल राणा ने बताया कि बुधवार रात दस बजे आशीष कालूड़ा निवासी प्रतापनगर टिहरी गढ़वाल अपने दो दोस्तों शगुन पंवार और विपिन के साथ सेलाकुई से अपने कार्यस्थल शंकरपुर जा रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### घंटाघर जीपीओ में अब 24 घंटे बुक होंगी डाक

देहरादून। घंटाघर स्थित जीपीओ में अब लोग 24 घंटे रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक कर सकते हैं। इसके लिए डाक विभाग ने जीपीओ परिसर में सेटअप तैयार कर सेल्फ बुकिंग कियोस्क स्थापित कर दी है। इस मशीन से लोग खुद डाक बुक कर सकते हैं। यह सुविधा 24 घंटे रहेगी। गुरुवार को चीफ पोस्ट मास्टर जनरल शशि शालिनी कुजूर ने कियोस्क का विधिवत शुभारंभ किया। चीप पोस्ट मास्टर जनरल शशि शालिनी कुजूर ने कहा कि इस मशीन की स्थापना से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उनको रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक करवाने के लिए लाइन पर नहीं लगना पड़ेगा। बीस किलोग्राम तक के पार्सल इस मशीन से बुक किए जा सकते हैं। बताया कि मशीन 24 घंटे काम करेगी। लोगों की मदद के लिए यहां एक गार्ड की तैनाती की गई है। बताया कि मशीन से बुकिंग के वही चार्ज हैं, जो काउंटर पर लिए जाते हैं। आर्टिकल के वजन के हिसाब से मशीन चार्ज डिस्प्ले करती है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहली मशीन देहरादून में स्थापित की गई। अब ऐसी मशीन हल्द्वानी में लगाने की तैयारी है।

### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे राज्य आंदोलनकारी

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी विभिन्न मांगों पर गुरुवार से शहीद स्मारक देहरादून में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त मंच के तत्वावधान में आंदोलनकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर धरना शुरू किया। इस दौरान वरिष्ठ आंदोलनकारी उर्मिला शर्मा, ओमी उनियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने का राजनीतिक लाभ ले रही है, लेकिन उसे लागू नहीं किया जा रहा। देवेश्वरी रावत, यूकेडी की प्रमिला रावत ने कहा कि वो 2021 में चिह्निकरण के फॉर्म जिलाधिकारी कार्यालय में जमा करवा चुके हैं, लेकिन तीन साल बाद भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। सरकार आंदोलकारियों के फार्म दबाकर बैठी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आंदोलनकारी मुख्यमंत्री से भी मिले थे, जिन्होंने मांगों पर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया था। लेकिन आश्वासन से आगे बात नहीं बढ़ पाई। आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि जल्द मांगे पूरी नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन होगा। मौके पर दिनेश भारद्वाज, अंबुल शर्मा, राम किशन, पुष्पा देवी, क्रांति अभिषेक, प्रदीप कुकरेती, बलबीर सिंह नेगी, विपुल नौटियाल, जबर सिंह पावेल, जगदीश चौहान, पुष्पराज बहुगुणा, क्रांति कुकरेती, गीता बिष्ट, सत्या डोगरा, सूर्या बमराड़ा, विजेंद्र रावत, दीपक गैरोला आदि मौजूद थे।

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने की मांग

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाए जाने की मांग उठाई है। गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना से मिले और ज्ञापन सौंपा। रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि राज्य में निजी मेडिकल कॉलेजों को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों की उपेक्षा हो रही है। प्रदेश संगठन सचिव सुलोचना ईष्टवाल ने सरकार से मांग की है कि राज्य में जितने भी प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं, उनमें राज्य के छात्र-छात्राओं के लिए एक निश्चित एडमिशन का कोटा होना चाहिए। कई कॉलेजों में इस तरह का कोटा ना होने से राज्य के छात्र-छात्राओं को नुकसान हो रहा है।

### गैरसैंण में मकान गिरने से गर्भवती महिला की मौत

चमोली। गैरसैंण ब्लॉक के रोहिड़ा ग्राम पंचायत के झोड़ सिमार तोक में भारी बारिश से बुधवार रात करीब नौ बजे एक मकान ढह गया। जिसकी चपेट में आने से 26 वर्षीय दीपा देवी पत्नी राकेश भारती की मौत हो गई। महिला सात माह की गर्भवती बताई जा रही है।परिजनों का कहना है कि बारिश के कारण मकान के पीछे की दीवार टूटने के बाद मकान का एक हिस्सा गिर गया। हालांकि इस दौरान अन्य परिजनों ने किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला सात माह की गर्भवती भी थी। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव व राहत कार्य प्रारंभ कर महिला को मलबे से निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। नायब तहसीलदार महेश आर्य ने बताया कि सूचना पर 10 बजे गैरसैंण से मयफोर्स और जेसीबी के साथ रवाना हुए, लेकिन क्षेत्र में बारिश के बाद आये मलबे तथा गांव सड़क से डेढ़ किमी पैदल होने के कारण वह करीब तीन बजे रात घटना स्थल पर पहुंच पाये। बताया कि शव को सीएचसी गैरसैंण की मोर्चरी में रखने के बाद गुरुवार को अन्य औपचारिकताएं पूर्ण होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पौड़ी में छात्रसंघ ने दी तालाबंदी की चेतावनी

पौड़ी। गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर में व्यवसायिक विषयों के संचालन करने सहित 6 सूत्रीय मांगे पूरी नहीं होने से आक्रोशित छात्र नेताओं ने परिसर में तालाबंदी की चेतावनी दी है। गुरुवार को छात्र नेताओं ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में ही कुलपति को भी अवगत कराया गया था। लेकिन उनकी मांगों पर सकारात्मक निणर्य नहीं लिया गया।छात्रसंघ के अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के बाद भी परिसर में बीबीए, एमबीए, बीएएलएलबी, बीएससी कृषि, बीएससी वानिकी, बीपीएड जैसे व्यवसायिक कोर्सों का संचालन नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं परिसर में 2015 से बीकॉम तो है लेकिन एमकॉम संचालित नहीं हो रहा।

# पुरुषों में भी बढ़ा स्तन कैंसर का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , ब्रेस्ट कैंसर के मामले में अक्सर महिलाओं का नाम सामने आता है लेकिन हाल ही में एक शोध में खुलासा हुआ है कि ब्रेस्ट कैंसर का खतरा पुरुषों में भी हो सकता है. इस रिसर्च में पुरुषों के लिए स्क्रीनिंग गाइडलाइन को बढ़ाने की मांग की गई है. शोध में कहा गया है कि आमतौर महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर और ओवेरियन कैंसर से जुड़े बीआरसीए1 और बीआरसीए2 आनुवंशिक उत्परिवर्तन पुरुषों में भी कैंसर का जोखिम पैदा करते हैं. इसी के साथ ही ये भी कहा गया है कि ब्रेस्ट कैंसर और ओवेरियन कैंसर से जुड़े बीआरसीए1 और बीआरसीए2 आनुवंशिक उत्परिवर्तन जीन का जोखिम पुरुषों में भी हो सकता है.




**रिसर्च ने किया चौंकाने वाला खुलासा**

फ्रेड हच के प्रोस्टेट कैंसर जेनेटिक्स क्लिनिक की निदेशक हीदर चेंग ने कहा कि पुरुषों को यह पता लगाने के लिए पर्याप्त आनुवंशिक परीक्षण नहीं मिल रहे हैं कि उनमें बीआरसीए1 या बीआरसीए2 जीन वैरिएंट है या नहीं. उन्होंने रिसर्च में ये भी कहा है कि लोग इसका कारण जानते हैं. वह हमेशा अपनी बेटियों का परीक्षण तो करवाते हैं, मगर अपने पर ध्यान नहीं देते. फ्रेड हच कैंसर सेंटर और वाशिंगटन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने जेएएमए ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित एक लेख में कहा है, नए नेशनल स्क्रीनिंग गाइडलाइन का उद्देश्य आनुवंशिक परीक्षण और स्पेशल कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से पुरुषों में इन जोखिमों की पहचान करना है.

**ट्रीटमेंट गाइडलाइन को लेकर कही गई है ये बात**

इस रिसर्च में बीआरसीए1 या बीआरसीए2 जीन में वंशानुगत हानिकारक वेरिएंट वाले पुरुषों के लिए जांच और ट्रीटमेंट गाइडलाइन की रूपरेखा दी गई है. इसी के साथ ही इसमें पुरुष वाहकों में प्रोस्टेट, अग्नाशय और स्तन कैंसर के बढ़ते जोखिम पर प्रकाश डाला गया है, जो सभी बीआरसीए1 या बीआरसीए2 उत्परिवर्तन वाहकों का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं. चेंग ने ये भी कहा है कि पुरुषों में स्क्रीनिंग बढ़ाने से शीघ्र पता लगाने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा और बीआरसीए से संबंधित कैंसर में कमी आएगी. फिलहाल, पुरुषों के लिए मौजूदा परीक्षण दर महिलाओं की अपेक्षा मात्र दसवां हिस्सा है. टीम ने पुरुषों से अपने परिवार के कैंसर के इतिहास के बारे में चिकित्सकों से चर्चा करने की अपील की है.

## संपादकीय



### इतिहास की बेटी मनु

निशानेबाजबिटिया मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में वह कर दिखाया है, जो अभूतपूर्व, अप्रत्याशित, अतुलनीय और अनिर्वचनीय है। एक ही खेल के दो प्रारूपों में लगातार दो कांस्य पदक जीत कर मनु ने कई इतिहास लिख दिए हैं। मनु के साथ सरबजोत सिंह भी मिश्रित खेल की अप्रतिम उपलब्धि के सूत्रधार हैं, लिहाजा देश के बेटे-बेटी को साझा शाबाश... ! मनु 10 मीटर एयर पिस्टल की निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। यह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय गौरव भी मनु के हिस्से आया है कि एक ही ओलंपिक में, एक ही खेल की दो शैलियों में, दो

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## स्मैक की तस्करी में दो सगे भाई समेत तीन धरे

हरिद्वार। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीव चौहान की अगुवाई में पुलिस टीम ने बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान जोगिया मंडी में सीढियों पर खड़े तीन युवकों को रोकना चाहा लेकिन वे भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने पीछा कर युवकों को पकड़ लिया, जिनकी तलाशी लेने पर स्मैक की कई पुड़ियां बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि तीनों कांवड़ मेले का फायदा उठाकर स्मैक की एक एक पुड़िया 800 से 1000 रुपये में बेचने की फिराक में थे। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी आलोक गोसाईं, उसके भाई गौरव गोसाईं निवासीगण सत्यम विहार भाटी हाउस भूपतवाला और चिराग शर्मा निवासी काली मंदिर भीमगोड़ा रोड को गिरफ्तार कर लिया गया।

## व्यापारियों का हुआ जलभराव से नुकसान, सिडकुल में भी भरा पानी

हरिद्वार। बारिश के दौरान धर्मनगरी की सड़कों पर जलभराव हो गया। रानीपुर मोड़ और भगत सिंह चौक पर चार फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। उत्तरी हरिद्वार खड़खड़ी, भीमगोड़ा, भूपतवाला, सप्तऋषि आदि क्षेत्र में जलभराव से लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। हरिद्वार अपर रोड, सब्जी मंडी, ब्रह्मपुरी बाईपास आदि में जलभराव हो गया। कनखल लाटोवाली, रविदास बस्ती, थाना रोड, ज्वालापुर रोड आदि क्षेत्र में जलभराव से लोग गुजरने को मजबूर रहे। ज्वालापुर के कटहरा बाजार, चौक बाजार, पीठ बाजार, सब्जी मंडी, पुरानी अनाज मंडी, कैतवाड़ा, गुरुद्वार रोड, सर्राफा बाजार, ढोलीखाल, पांवधोई, सुभाष नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी।

## मकान की दीवार गिरी बड़ा हादसा टला, रास्ता हुआ बंद

हरिद्वार। ज्वालापुर के मोहल्ला मेहतान फटकवाड़ा में बुधवार देर रात भारी बारिश के दौरान पुराने मकान की दीवार सड़क पर भरभरा कर गिर गई। इससे गुरुवार को सड़क पर आवागमन बंद हो गया। गनीमत रही कि रात के समय दीवार गिरने से कोई हादसा नहीं हुआ। ज्वालापुर में पुराने मकान की दीवार तीसरी बार गिरी है। इससे पहले अगस्त 2023 में भी इस मकान की दीवार दो बार गिर चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दीवार की मरम्मत मकान मालिक नहीं कर रहे है। इस कारण लोगों पर हादसे का खतरा बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यवसायिक वाहन चालक एवं मालिकों ने निजी फिटनेस सेंटर का विरोध किया तेज

हरिद्वार। व्यवसायिक वाहनों के संगठन पंचपुरी टेंपो ट्रैवलर वेलफेयर सोसाइटी, टैक्सी यूनियन,टैक्सी मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व्यवसायिक वाहनों के फिटनेस का कार्य निजी हाथों में जाने का शुरु से ही विरोध कर रहे हैं। व्यवसायिक वाहन चालक एवं मालिक अब बहादराबाद निजी फिटनेस सेंटर पर गंभीर आरोप भी लगा रहे हैं। हाल ही में हल्द्वानी के फिटनेस सेंटर को भी बंद करने की कार्रवाई की गई। जिसके बाद से हरिद्वार में भी व्यवसायिक वाहनों के संगठनों ने बहादराबा के फिटनेस सेंटर को बंद करने की मांग की है। अपनी इस मांग को लेकर व्यवसायिक वाहनों के संगठन पंचपुरी टेंपो ट्रैवलर वेलफेयर सोसाइटी, टैक्सी यूनियन,टैक्सी मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने एआरटीओ पंकज श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

### आईसीएआई ने कांवड़ मेले में छाछ वितरित की

हरिद्वार। कांवड मेले में गुरुवार को आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) हरिद्वार शाखा ने कांवड़ियों के लिए छाछ (मट्ठा) का वितरण किया। इस काम का उद्देश्य कांवड़ियों की यात्रा को अधिक सुखद और स्वस्थ बनाना रहा। शाखा के अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के रूप में हमारा दायित्व केवल वित्तीय सलाह देने तक सीमित नहीं है। हमें समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। इस अवस पर सीए प्रभोध कुमार जैन, सीए वासु अग्रवाल, सीए अंकुर अग्रवाल, सीए अनमोल गर्ग, सीए योगेश भटिजा, आदित्य मोहन, अंकित सोनी मौजूद रहे।

### हरिद्वार में 140 एमएम बारिश, दिन में गर्मी का अहसास रहा कम

हरिद्वार। गुरुवार को तापमान में गिरावट दर्ज हुई। अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक घट गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा था। तापमान में गिरावट के बाद दिन में गर्मी कम रही। बुधवार को सुबह से शाम तक लोग गर्मी से जूझ रहे थे। दिन में गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया था। उमस के कारण लोगों के पसीने निकाल गए थे। लेकिन बुधवार को शाम चार बजे आसमान में काली घटाएं छा गई।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शिव भक्तों की सेवा में मेडिकल कैंप लगाया

हरिद्वार। अभाविप के विभाग संगठन मंत्री मनीष राय ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने शिव भक्तों की सेवा में मेडिकल कैंप लगाया हैं। संगठन के सेवा आयाम सेवार्थ विद्यार्थी के प्रांत प्रमुख डॉ. रितेश वशिष्ठ ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं की ओर से दूधाधारी चौक पर भी जल सेवा की जा रही है। अभाविप के विभाग संयोजक विशाल भारद्वाज ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हजारों शिवभक्तो ने लाभ उठाया हैं। जिला प्रमुख राहुल सिंह ने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. अपूर्व रुहेला, आशु मलिक, शैलेश त्रिपाठी, हर्षित सैनी, तुषार अग्रोही, उदय सिंह, विमल भट्ट, कार्तिक सैनी, अंकिता भंडारी, सीमा यादव, हिमांशु, सार्थक, अतुल, देव आदि मौजूद रहे।

### जल स्तर बढ़ने के बाद चेतावनी निशान से ऊपर बही गंगा

हरिद्वार। भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का अधिकतम जलस्तर सुबह 11 बजे 293.45 मीटर रिकॉर्ड हुआ। इस दौरान गंगा खतरे के निशान से मात्र 55 सेंटीमीटर नीचे बही। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद गंगा का जल स्तर घटना शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे गंगा का जलस्तर 293.35 मीटर दर्ज हुआ। जल स्तर बढ़ने के बाद गंगा के तटवर्ती और निचले इलाकों में प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया। गंगा के किनारे रहने वालों लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया गया। इस दौरान डीएम ने गंगा के जलस्तर पर नजर बनाए रखी।

### व्यापारियों का हुआ जलभराव से नुकसान, सिडकुल में भी भरा पानी

हरिद्वार। बारिश के दौरान धर्मनगरी की सड़कों पर जलभराव हो गया। रानीपुर मोड़ और भगत सिंह चौक पर चार फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। उत्तरी हरिद्वार खड़खड़ी, भीमगोड़ा, भूपतवाला, सप्तऋषि आदि क्षेत्र में जलभराव से लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। हरिद्वार अपर रोड, सब्जी मंडी, ब्रह्मपुरी बाईपास आदि में जलभराव हो गया। कनखल लाटोवाली, रविदास बस्ती, थाना रोड, ज्वालापुर रोड आदि क्षेत्र में जलभराव से लोग गुजरने को मजबूर रहे। ज्वालापुर के कटहरा बाजार, चौक बाजार, पीठ बाजार, सब्जी मंडी, पुरानी अनाज मंडी, कैतवाड़ा, गुरुद्वार रोड, सर्राफा बाजार, ढोलीखाल, पांवधोई, सुभाष नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी।

### लिंक चैनल बंद होने के बाद हरकी पैड़ी पर घट गया जल

हरिद्वार। पहाड़ों में हो रही बारिश के बाद हरिद्वार में गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। जल स्तर बढ़ने के बाद गुरुवार को सुबह आठ बजे गंगनहर में सिल्ट की मात्रा 11500 पीपीएम पहुंच गई। सिल्ट बढ़ने के बाद नहर को बंद कर दिया गया। नहर बंद होने के बाद हरकी पैड़ी पर जल की मात्रा एक फुट रह गई। निर्धारित चार फुट तक जल हरकी पैड़ी पर नहीं मिला। इस कारण हरकी पैड़ी पर श्रद्धालु डुबकी लगाने से वंचित रहे। हरकी पैड़ी पहुंचे शिवभक्त और श्रद्धालुओं को मायूस होना पड़ा। सिल्ट की मात्रा कम होने के बाद यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी दोबारा गंगनहर को खोलेंगे।

### जगह जगह शिवभक्तों के लिए लगाया भंडारा

हरिद्वार। जगह जगह शिवभक्तों के लिये निशुल्क भंडारों का आयोजन किया गया। गांव फेरुपुर रामखेड़ा में कांवड़ सेवादल की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन फेरुपुर कांवड़ सेवा समिति ने किया। कटारपुर गांव में तीन दिवसीय भंडारे में सेवा जारी रही। जगजीतपुर में संजय चौहान ने शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। फेरुपुर में अमित सैनी, कटारपुर में विवेक चौहान, बादशाहपुर में प्रधान नेत्रपाल, धनपुरा में पंकज सैनी ने शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया।

### रकम मांगने गए साले पर जीजा ने किया हमला

हरिद्वार। लिस को दी शिकायत में दिलनवाज पुत्र दिलशाद निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर ने बताया कि बुधवार को उसका भाई दिलदार अपने जीजा शौकीन निवासी गढ़मीरपुर के घर बाग की फसल बेचकर मिले अपने हिस्से के 2.60 लाख रुपये लेने गया था। आरोप है कि जीजा शौकीन सहित समीर, खुशनूमा और शहराज ने उसके भाई को पकड़ लिया, जिसके बाद उसकी पिटाई शुरू कर दी।

# 30 अक्टूबर तक उत्तराखंड की सड़कें होंगी गड्ढ़ा मुक्त : धामी

## आपदा के दौरान अवरूद्ध हो रही सड़कों की की जाए अविलम्ब मरम्मत



- सड़क मरम्मत के लिये अधिकृत जे.सी.बी. पर जी.पी.एस. व्यवस्था को बनाया जाये प्रभावी
- पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के किनारे क्रस बेरियर के साथ पेड लगाने पर दिया जाए ध्यान
- सड़क निर्माण से जुडे ठेकेदारों तथा जे.सी.बी ठेकेदारों के लम्बित देयकों का अविलम्ब किया जाए भुगतान
- सड़कों पर डिवाइडर, रिफलेक्टर, साइनेज व लाइटिंग की व्यवस्था के भी मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की। उन्होंने 30 अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने के निर्देश देते हुए सड़क निर्माण सम्बन्धी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया प्रारम्भ कर मानसून के बाद हर हाल में 30 सितम्बर से निर्माण कार्यों में तेजी लाये जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा आपदा के दौरान अवरूद्ध हो रही सड़कों की अविलम्ब मरम्मत के भी निर्देश दिए हैं। सड़क मरम्मत के लिये अधिकृत जे.सी.बी. पर जी.पी.एस. व्यवस्था को प्रभावी बनाये जाने, पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के किनारे क्रस बेरियर के साथ पेड लगाने, तथा सड़कों पर डिवाइडर, रिफलेक्टर, साइनेज व लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण से जुडे ठेकेदारों तथा जे.सी.बी ठेकेदारों के लम्बित देयकों का अविलम्ब भुगतान के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के लिये सड़कों के निर्माण में तेजी लायी जानी होगी। इसके लिये टेण्डर एवं डी.पी.आर. तैयार करने में तकनीकि दक्षता का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों आदि के निर्माण में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत निर्मित होने वाली सड़कों पर भी समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये है। ट्रॉली पर आवाजाही की निर्भरता कम करने के लिये इन स्थानों पर मोटर व पैदल पुलों के निर्माण में तेजी लाये जाने पर भी मुख्यमंत्री ने बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड के तैयार होने के बाद देहरादून शहर पर बढने वाले यातायात के दबाव की चुनौती का सामना करने के लिये रिंग रोड सहित शहर की प्रस्तावित अन्य सड़कों एवं एलिवेटेड रोड आदि की योजना पर तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़कों के विस्तार के लिए हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने पी.एम.जी.एस.वाई. की सड़कों की मरम्मत में आ रही कठिनाइयों के निराकरण के लिये इसकी स्पष्ट गाइड लाईन तैयार किये जाने को कहा। उन्होंने कहा कि सुगम और सुरक्षित यातायात के साथ आमजन के जीवन को सहज, सुगम और समृद्ध बनाने में सड़कों का बडा योगदान रहता है। निर्माण कार्यों से इकोलॉजी के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये सड़क निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग पर ध्यान दिये जाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही।

सचिव लोक निर्माण डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रिस्पना एवं बिंदाल नदी पर एलिवेटेड रोड निर्माण, ऋषिकेश बाईपास, देहरादून मसूरी संयोजकता, देहरादून व हल्द्वानी शहर के लिए, रिंग रोड आदि से संबंधित प्रस्तावों की जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में सड़कों के निर्माण आदि की भी जानकारी दी। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग डी. के. यादव, अधीक्षण अभियंता एन.एच.ए.आई. विशाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों से सम्बन्धित एचपीसी की बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों से सम्बन्धित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक सचिवालय में सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव रतूड़ी ने आज की बैठक में उत्तराखण्ड में पहली बार प्रस्तावित 38वें नेशनल गेम्स की तैयारियों के सम्बन्ध में देहरादून, हल्द्वानी, रूद्रपुर, हरिद्वार, टिहरी व पिथौरागढ़ में निर्धारित आयोजन स्थलों, स्टेडियम व खेल परिसरों के आसपास की सड़कों के नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण की तैयारियों तथा इस सम्बन्ध में चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करने जा रहे उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन तथा इस सम्बन्ध में गुजरात एव केरल राज्यों के मॉडल का अध्ययन करने, नेशनल गेम्स के आयोजन के दौरान सुरक्षा व कानून व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, नेशनल गेम्स के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार व जन जागरूकता हेतु नोडल अधिकारी नामित करने पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने प्रस्तावित नेशनल गेम्स हेतु आईस रिंक, अर्न्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, टेनिस कोर्ट व घुड़सवारी के मैदानों के लिए बुनियादी ढांचे के विकास व रेनोवेशन कार्यों पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान 38वें नेशनल गेम्स के सफल आयोजन में खेल विभाग की सहायता के लिए एक स्पोर्टस प्रोजेक्ट मेनेजमेंट यूनिट स्थापित करने तथा गेम्स मेनेजमेंट सिस्टम को संचालित करने के लिए एकीकृत स्पोर्टस पोर्टल व एप्प को डिजाइन व डेवलप करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु, विशेष सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली सहित खेल विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्तनपान से 20 फीसदी कम हो जाता है नवजात की मौत का खतरा : स्वाति भदौरिया

देहरादून। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी स्वाति भदौरिया ने कहा कि नवजात के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए मां का दूध बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मां के दूध का सेवन करने से नवजात शिशुओं के मौत की दर में 20 फीसदी कमी आ जाती है। गुरुवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ करते हुए भदौरिया ने कहा कि मां का दूध शिशु के व्यापक मानसिक विकास के साथ ही शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने में कारगर होता है। नियमित स्तनपान से नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को 20 प्रतिशत तक, डायरिया से होने वाली मृत्युओं को 11 गुना तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिशु के जन्म उपरांत पहले घंटे के भीतर स्तनपान कराना आवश्यक है और पहले छः माह तक केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां के दूध से एंटीबॉडी सीधे बच्चे तक पहुंचती है। जो बच्चे की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान महिलाओं को जागरुक करने के साथ ही माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सहस्त्रधारा में तीन कांवड़िये बहे, दो की मौत, एक को बचाया

देहरादून। सहस्रधारा में गुरुवार शाम बड़ा हादसा हुआ। नहाते वक्त दिल्ली के तीन कांवड़िये तेज बहाव में बह गए। इनमें दो की मौत हो गई। एक को जिंदा बचा लिया गया। घायल को उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि दिल्ली के सुल्लतानपुरी इलाके के निवासी कई कांवड़िये गुरुवार दोपहर सहस्त्रधारा पहुंचे। करीब तीन बजे वह वहां नहा रहे थे। इस दौरान सहस्त्रधारा में बहाव काफी तेज था। नहाते वक्त इनमें एक का पैर फिसला। वह पानी में बहने लगा। दो साथी बचाने को नदी में कूदे। तीनों तेज बहाव में बहने लगे। इनमें एक ने कुछ दूरी पर पत्थर पकड़कर खुद को बचाया। जबकि, दो दूर तक बहते चले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पहले पत्थर के सहारे फंसे युवक को निकाला। उसे गंभीर हालत में कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद अन्य दो की तलाश की गई। वह सहस्त्रधारा से काफी आगे मिले जहां नदी चौड़ी होने पर बहाव हल्का हो जाता है। वहां से अस्पताल भिजवाया गया तो चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त इंदरपाल पुत्र रामसुख निवासी ई ब्लॉक, सुलतानपुरी दिल्ली और भूपेंद्र सिंह राणा पुत्र लाल सिंह निवासी अमन विहार, सुलतानपुरी दिल्ली के रूप रूप में हुई। दोनों साथियों की मौत के बाद उनके साथ अन्य कांवड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। घायल की पहचान मनोज निवासी सुलतानपुरी, दिल्ली के रूप में हुई। आईटी पार्क चौकी इंचार्ज शोयब अली ने बताया कि दोनों मृतकों के शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए।

### ग्राफिक एरा के 286 छात्रों का टीसीएस में चयन

देहरादून। ग्राफिक एरा के बीटेक के 286 छात्र छात्राओं का टीसीएस में नौकरी लिए चयन हुआ है। कैंपस प्लेसमेंट के जरिए इनको नौकरी का आफर मिला है। इनमें 166 छात्र छात्राएं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के देहरादून कैम्पस के और 22 भीमताल कैंपस के और पांच हल्द्वानी परिसर के हैं। इनके साथ ही ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के 93 छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट के ऑफर मिले हैं। ग्राफिक एरा के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ राजेश पोखरियाल ने बताया कि इस साल अब तक 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के ऑफर मिल चुके हैं। बीटेक में सर्वाधिक 54.03 लाख रुपये का पैकेज इस सत्र में छात्रा ऋद्धि शिवहरे को मिला है। इस साल 53 से अधिक छात्र छात्राओं को 20 से 54.03 लाख रुपये तक के पैकेज मिले हैं। इनके अलावा ढाई सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को 19.50 लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट के लिए चुना गया है।

### घंटाघर पर बाइक सवारों ने लूटा मोबाइल

देहरादून। बाइक सवार बदमाश घंटाघर पर खड़े युवक का सरेराह मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घंटाघर दिन दहाड़े हुई वारदात में बदमाशों के हौसले जाहिर हो रहे हैं। घटना को लेकर नितिन कुमार निवासी भगवानपुर जिला रुड़की ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। कहा कि वह बुधवार सुबह करीब दस बजे घंटाघर के पास सड़क किनारे खड़ा था। हाथ में अपना मोबाइल फोन पकड़ा हुआ था। आरोप है कि तभी बाइक सवार दो युवकों में पीछे बैठे युवक ने झपाटा मारा और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। जब तक नितिन कुछ समझ पाता आरोपी फरार हो गए थे। इंस्पेक्टर कोतवाली चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि नितिन की अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।